तापमान

भोपाल	36.2°	20.7°
इंदौर	35.9°	20.0°
जबलपुर	37.5°	19.7°
ग्वालियर	36.8°	18.7°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 124,पृष्ठ 12)
बुधवार 3 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... पाठकों तक तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाएं...

खेल... पारिवारिक कारणों से चांदीमल ने बीच में छोड़ा चटगांव...

व्यापार... प्रवासी भारतीयों ने तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 29 अरब...

देश-विदेश... दूतावास के एक खंड ध्वस्त, 7 लोगों की मौत...

www.naiduniaonline.com

रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली में बोले प्रधानमंत्री

तीसरे कार्यकाल में हर भ्रष्ट पर होगी कार्रवाई : मोदी

रूद्रपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के रुद्रपुर पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद जब मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो सारा मैदान उनके जयकारों से गूंज उठा।

रुद्रपुर में पीएम मोदी ने कहा कि जनता मोदी-मोदी के नारे लगा रही है। देवभूमि का आशीर्वाद मेरी शक्ति है। जब भी उत्तराखंड की धरती पर आता हूं, मुझे बड़ा सुकून मिलता है। हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है। उत्तराखंड को आगे लेकर जाना है। मैं देवभूमि के ध्यान से ही धन्य हो जाता हूं, ये सौभाग्य मेरा मैं तुमको शीश नवाता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड से किए हुए वादे मैंने पूरे किए हैं। हमारे तीसरे टर्म में फ्री बिजली का टारगेट रखा गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा कार्यक्रम के तहत आपके घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। मैं उत्तराखंड के लोगों की तपस्या बेकार नहीं जाने दूंगा। लोगों की तपस्या के बदले उन्हें विकास लौटाउंगा। उन्होंने आगे कहा कि दस साल में जो हुआ है, वो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत आगे जाना है। मोदी मौज करने के लिए नहीं, मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। 10 साल में जो विकास हुआ है, वो तो केवल ट्रेलर है। अभी तो देश को बहुत

आगे लेकर जाना है। मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है, लोगों की कमाई बढ़ेगी और नौकरी के अवसर बढ़ेंगे। मोदी ने मंगलवार को भ्रष्टाचारियों को साफ-साफ संदेश दिया और कहा कि तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार किया जायेगा। मोदी की गारंटी है कि हर भ्रष्ट पर कार्रवाई होगी। हम गरीबों और मध्यम वर्ग का हक किसी को भी छीनने नहीं देंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा और (शेष पेज 2 पर)

देवभूमि का आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी

वहीं उधमसिंह नगर में मोदी ने कहा कि देवभूमि का आशीर्वाद उनकी बहुत बड़ी पूंजी है और यहां के प्रत्येक गांव से उन्हें मिले प्यार और आशीर्वाद के लिए वह बहुत-बहुत आभारी हैं। श्री मोदी आगामी 19 अप्रैल को उत्तराखंड में प्रथम चरण के होने वाले चुनाव के मद्देनजर यहां अपनी पहली जनसभा के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लगता है यह चुनावी सभा नहीं, बल्कि विजय रैली है। ये जनसभा ऐसे क्षेत्र में हो रही है जिसे मिनी इंडिया कहा जाता है। मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं, इसलिए ही मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी कि देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का जो प्रेम है जो अपनत्व है वो जग जाहिर है। हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, सबसे आगे लेकर जाना है और इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है।

मोदी ने बदली राजनीति की परिभाषा, मप्र में बोले नड्डा

इंडी एलायंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा

जबलपुर (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उस दौरान उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के एक कार्यकर्ता के नाते आपसे अपील करने आया हूं कि आप भाजपा को केवल अपना समर्थन ही नहीं, बल्कि अपनी योग्यता का पूरा उपयोग करते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों का आशीर्वाद भाजपा को दिलाएं।

उन्होंने कहा कि पहले जातिवाद से प्रभावित राजनीति होती थी। उसके साथ साथ परिवारवाद और तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति होती थी। लेकिन आज हम कह सकते हैं कि मोदी जी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण को समाप्त किया है और विकासवाद को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं, जो कहते हैं कि हम भ्रष्टाचार को हटाकर रहेंगे और भ्रष्टाचार के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। वहीं इंडी एलायंस भ्रष्टाचार करने वाले लोगों का जमावड़ा बन चुका है।

नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा को बदल दिया है। आज हमारे विरोधियों को भी ये बताना पड़ेगा कि उन्होंने क्या काम किया और वो कौन सा काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी एजेंसियां आज भारत की रेटिंग बढ़ा रही हैं। लेकिन कांग्रेसी चिल्ला रहे हैं - बेरोजगारी, महंगाई। एक बात जरूर कहूंगा कि वो तो बेरोजगार हो ही गए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की डिस्पेंसरी बन गया है। सबसे सस्ती और अच्छी दवाएं भारत दुनिया को उपलब्ध करा रहा है। 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत में अति गरीबी 1 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत की आवाज, दुनिया की आवाज बन चुकी है। जी-20 का आयोजन हमारे देश में हुआ, 100 से ज्यादा शहरों में 200 से ज्यादा बैठकें हुई, अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्य का दर्जा भी यहीं मिला। यूरोपियन और मिडिल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर पर सहमति (शेष पेज 2 पर)

पूरा देश मोदी के साथ, कर्नाटक में बोले शाह

राज्य की सभी सीटों पर हासिल करेंगे जीत

बेंगलुरु (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव में एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला राजग है और दूसरी तरफ भ्रष्ट और परिवारवादी विपक्षी गठबंधन है। बेंगलुरु में भाजपा की बैठक में अमित शाह ने कहा कि पूरा देश एकजुट होकर प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि रामलला को टेंट से भव्य मंदिर में लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा-जद(एस) गठबंधन कर्नाटक में सभी 28

लोकसभा सीट जीतेगा, कांग्रेस को खाता भी नहीं खोलने देंगे। उन्होंने कहा कि हम भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का वादा कर सत्ता में आये थे, भ्रष्टाचारियों को जेल होनी चाहिए या नहीं? बेंगलुरु में भाजपा बैठक में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता तुष्टिकरण की राजनीति के कारण रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि एक तरफ हम पीएम मोदी जी के शानदार और मजबूत नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, परिवारवादी और भ्रष्ट इंडी गठबंधन (शेष पेज 2 पर)

सोपोर में तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार का उनके पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने फ्रूट मंडी में जांच अभियान चलाया, जहां से तीनों संदिग्ध भागने का प्रयास कर रहे थे। सतर्क टीम उनको पकड़ने में कामयाब रही।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगातार जारी है कठोर कार्यवाही

हॉकफोर्स से मुठभेड़ में दो इनामी हार्डकोर नक्सली ढेर

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के अनुक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस हॉकफोर्स को नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

हॉकफोर्स ने आसूचना आधारित नक्सल विरोधी अभियान के तहत 1 अप्रैल को बालाघाट के जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक महिला नक्सली सहित 43 लाख रुपए के दो नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों से एक एके-47 एवं एक 12 बोर राइफल बरामद की गई।

वहीं बालाघाट में नक्सल गतिविधियों की शुरुआत से आज तक के इतिहास में पहली बार नक्सलियों से बीजीएल शेल बरामद किए गए। इनसे दो बीजीएल शेल, वायरलेस सेट, दो रेडियो भी (शेष पेज 2 पर)

नौ नक्सली मारे गए

बीजापुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस के संयुक्त दल के साथ मुठभेड़ में आज नौ नक्सली मारे गए और कुछ अन्य के घायल होने की आशंका है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर अनेक आधुनिक हथियार भी मिले हैं। इस बीच पुलिस सूत्रों ने नौ नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि यह संख्या और बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

खास-खबरें

लेफ्टिनेंट जनरल सिदाना ने ईएमई के महानिदेशक का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली (एजेंसी)। लेफ्टिनेंट जनरल

जे एस सिदाना ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (डीजीईएमई) के 33वें महानिदेशक और ईएमई कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि 38 वर्षों से लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण रेजिमेंट, कमान, अनुदेशात्मक और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

राहुल गांधी आज वायनाड से करेंगे नामांकन

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं।

भारत को जरूर मिलेगी यूएनएससी में स्थायी सदस्यताः जयशंकर

राजकोट (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी)में भारत को स्थायी सदस्यता मिलने को लेकर आशा व्यक्त की है। मंत्री ने कहा कि यह अपरिहार्य है, लेकिन उन्होंने इस संबंध में अधिक प्रयास करने का भी आव्हान किया।

जयशंकर ने राजकोट में बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व शांति निकाय में प्रतिष्ठित स्थान हासिल करने के लिए मेहनती काम जरूरी है. वर्तमान में, रूस, चीन, फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य हैं। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गति अब स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी के पक्ष में है। संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ था, और इन पांच देशों ने आपस में इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि आज लगभग 193 देशों के साथ विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य को रेखांकित करते हुए पांच देशों ने स्थायी सदस्यता हासिल की है। लेकिन इन पांच देशों ने अपना नियंत्रण बनाए रखा है।

अरुणाचल के स्थानों के चीनी नामकरण मूर्खतापूर्ण : भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदले जाने को मनगढ़ंत एवं मूर्खतापूर्ण हरकत करार दिया है और कहा है कि इससे यह हकीकत नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा। चीन सरकार के इस कदम के बारे में यहां मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के अपने मूर्खतापूर्ण प्रयासों पर कायम है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि मनगढ़ंत नाम निर्दिष्ट करने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा।

आप सांसद संजय सिंह को मिली जमानत, ईडी ने नहीं जताई आपत्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने श्री सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की। श्री सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर (उच्च न्यायालय के उस आदेश को) शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा। वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। न्यायालय ने हालांकि श्री सिंह को सावधान करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका या दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी किसी भी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

स्पेशल खबर

महुआ मोइत्रा की बढ़ी मुश्किलें, कैश फॉर क्वेरी मामले में

ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रहा है। कैश फॉर क्वेरी मामले में ईडी ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ईडी की तरफ से टीएमसी नेता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि इस मामले में लोकपाल के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो पहले से ही जांच कर रही है। लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के मामले में मोइत्रा से सोमवार को ईडी पूछताछ करने वाली थी। लेकिन उन्होंने एजेंसी को चिट्ठी लिखकर पेशी के लिए 21 दिन की मोहलत मांगी थी। हालांकि, ईडी ने

महुआ मोइत्रा को एक्सटेंशन देने से इनकार कर दिया था। जांच एजेंसी ने मोइत्रा को नया समन जारी किया है और उन्हें 7 दिन बाद पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले साल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर महंगे गिफ्ट्स और पैसे लेने के बदले में संसद में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछने के आरोप लगाए थे। महुआ मोइत्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगा था। जांच में दोषी पाए जाने पर महुआ को 8 दिसंबर 2023 को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से एक बार फिर महुआ मोइत्रा को ही उम्मीदवार बनाया है।

पटाखा फैक्ट्री मालिक की संपत्ति हुई नीलाम

69 लाख की संपत्ति के मिले 2 करोड़ 65 लाख से अधिक राशि

हरदा(निप्र)। जो असंभव दिखाई दे रहा था वह सच होता दिखाई दे रहा है। एनजीटी के आदेश पर पटाखा फैक्ट्री मालिक राजू अग्रवाल की संपत्ति मंगलवार को प्रशासन ने नीलाम कर दी ।पिछले फरवरी माह में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्टिंग हुई थी जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। आसपास रहने वाले लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे ।जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए उनको मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हुई है ।शुरुआती दौर में तत्काल राहत राशि दी गई थी और अब आज राजू अग्रवाल और उनके भाई सोमेश अग्रवाल के नाम दर्ज जमीन संपत्ति को नीलाम किया गया है ।कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि संपत्ति नीलाम से जो राशि मिलेगी उसे पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा । जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनको मुआवजा दिया जाएगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि आज जो नीलामी हुई है उस संपत्ति की सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से मूल्य 69 लाख 41हजार 984रुपए था उसके विरुद्ध नीलामी में 2 करोड़ 65 लाख रुपए 42 हजार प्राप्त हुए हैं । कलेक्टर ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री मालिक के नाम दर्ज संपत्ति अभी बची हुई है।